Page Three Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द

पार्किंग स्थल बनने से मिलेगी यातायात व्यवस्था में राहत

राहत नगर के डांट पुल के पास वाहनों की पार्किंग के लिए जगह का किया चयन

निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट।

पिथौरागढ। सीमांत जनपद में सड़कों में जगह न हाने से आए दिन जाम लगने से आम जनमानस को मुसीबतों से दो चार होना पड़ रहा है। बता दें कि शहर में आए दिन वाहनों की संख्या में खासा बढ़ोतरी होने लगी है। वही केमू बस अड्डे के पास आमजन का चलना दुभर हो गया है। इस मामले को पेज थ्री अखबार द्वारा प्रमुखता से उठाया जा चुका है। नगर में पार्किंग को लेकर वाहनों को खड़े करने के लिए टैक्सी चालक वाहनों को सड़क के किनारे खड़ा कर देते है वही ऐसे में जाम लगना आम बात हो चुकी है।

जिलाधिकारी के आदेश के बाद पार्किंग स्थल चिन्हीकरण का काम वर्तमान में जोरों में चल रहा है। पार्किंग स्थल के लिए डांट पुल के पास अब जगह चयनित होने के बाद टैक्सी चालकों को वाहनों को खड़ा करने के लिए आसानी हो सकेगी। पालिका ने इसके लिए काम करना शुरू कर दिया है। अब यहां पर एक सौ पचास से दो सौ वाहन आसानी से पार्क किये जा सकेगे।

नगर पालिका अध्यक्ष ने राजेन्द्र रावत ने कहा है कि पार्किंग का सीमांत के लोगों की सुविधा को देखते हुए डाट पुल पर जगह चिन्हीकरण का काम तेज शुरू करने को कमर कस ली गई है।

वही स्थानीय जनता ने उम्मीद जताई है कि अब पार्किंग स्थल के बन जाने से जिले की यातायात व्यवस्था में आसानी से सुधार हो सकेगा। जिले के टैक्सी यूनियन ने अब इस मामले पर प्रशासन की पहल का स्वागत किया है। डाट पुल के पास वाहनों को पार्क करने में जहां अब आसानी हो सकेगी। वही बस अड्डे के पास वाहनों की लंबी कतार कम ही देखने को मिलेगी।

इस मामले पर जिलाधिकारी आशीष चौहान ने बताया कि नगर के डांट पुल के पास वाहनों के पार्किंग के लिए जगह चिन्हीकरण का काम जोरों पर चल रहा है। इस पार्किंग के बनने से अब बस अड्डे के समीप वाहनों की जाम की समस्या से निजात मिलने लगेगा।

सुप्रीम कोर्ट के तीन अधिवक्ता हाई कोर्ट में बनेंगे न्यायाधीश

संवाददाता नैनीताल। नैनीताल हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के रिक्त पद भरने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अधिवक्ता कोटे के इन पदों पर सुप्रीम कोर्ट के तीन अधिवक्ताओं को नियुक्त करने की संस्तुति की गई है। सरकार की ओर से इस सिफारिश को स्वीकार करते ही प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीश समेत न्यायाधीशों के 11 पद हैं।

जनभावनाओं के उत्तराखंड निर्माण को उक्रांद ने कसी कमर

संवाददाता द्वाराहाट। उक्राद ने पहाड़ की ज्वलंत समस्याओं को लेकर जनता को लामबंद करने का खाका तैयार किया है। 21 अगस्त से शुरू होने जा रही पहाड़ी स्वाभिमान यात्रा के बाद भू कानून, रोजगार, स्थायी राजधानी, महंगाई को लेकर आदोलन की रूपरेखा पर चर्चा की।

पूर्व विधायक पुष्पेश त्रिपाठी ने राज्य की दयनीय हालत के लिए भाजपा के अलावा काग्रेस को भी जिम्मेदार ठहराया।

साध्वी देवदिति से गोरखाली समुदाय की मुलाकात

संवाददाता देहरादून पतंजलि योगपीठ द्वारा हमरो स्वाभिमान ट्रस्ट की महासचिव साध्वी देवदिति ने दून में गोरखाली समुदाय से मुलाकात करी। उन्होंने गोरखाली मिलिट्री इंटर कॉलेज गढ़ी कैंट का दौरा किया और गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात की। उन्होंने हमरो स्वाभिमान ट्रस्ट के सदस्यों से एकजुट होकर काम करने का आह्वान किया।